# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 153 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार ,21 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## एसआईआर और फसल मुआवजे को लेकर राजधानी में हंगामा

### सीएम हाउस की ओर बढ़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया; कई कार्यकर्ता हिरासत में





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजधानी जयपुर में गुरुवार को यूथ कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया, किसानों के फसल मुआवजे और प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने किया। हजारों कार्यकर्ता शहीद स्मारक पर जमा होकर भजनलाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

प्रदर्शन की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही भारी सुरक्षा व्यवस्था की थी। बावजूद इसके, कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेड पर चढ़ने का प्रयास किया। बैरिकेड पार करने की कोशिश के दौरान पुलिस और यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया गया।

यूथ कांग्रेस नेताओं ने पुलिस कार्रवाई को तानाशाही रवैया करार देते हुए कहा कि सरकार उनकी आवाज़ को दबाना चाहती है। कांग्रेस नेता अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि राज्य में जनता सरकार से परेशान है, लेकिन समाधान की बजाय केवल दिखावटी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने राजस्थान में एसआईआर मामले में आत्महत्या की घटना का भी उल्लेख करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया।

इस विरोध प्रदर्शन में राज्य प्रभारी विकास चीकाड़ा, सह प्रभारी ज्ञानेश शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष और कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल रहे। प्रदर्शनकारी एसआईआर प्रक्रिया को तुरंत रोकने, अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने और प्रदेश में कानून व्यवस्था सुधारने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी आवाज़ को अनसुना किया गया तो वे और बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

## सोशल मीडिया पर आपराधिक पोस्ट वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

आपराधिक गैंग बनाकर सोशल मीडिया पर आपराधिक पोस्ट वायरल करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शक्करगढ़ थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

पुलिस ने सर्कल क्षेत्र से महेन्द्र कुमार उर्फ शाखा (31 वर्ष) निवासी नाथूण, थाना जहाजपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा शाखा गैंग नाम से लोकल आपराधिक गैंग बनाकर सोशल मीडिया पर आपराधिक प्रवृत्ति की पोस्ट वायरल की जा रही थीं।

पूछताछ के दौरान शांति भंग करने की आशंका पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि भविष्य में भी सोशल मीडिया पर आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले तथा स्थानीय गैंग बनाकर दहशत फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## अवैध बजरी परिवहन पर काछोला पुलिस की कार्रवाई, जब्त किया ट्रैक्टर ट्रॉली



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह।** काछोला थाना पुलिस ने अवैध खनन व बजरी परिवहन पर रोक लगाने के तहत बुधवार को सरहद रामनगर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई अंजाम दी थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से परिवहन करते हुए पकड़ा वाहन को मौके पर ही डिटेन कर थाने लाया गया। थाना पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना किसी वैध अनुमति के बजरी ढो रहा था। संदेह होने पर पुलिस टीम ने वाहन को रुकवाकर जांच की, जिसमें अवैध परिवहन की पुष्टि हुई इसके बाद वाहन को जब्त कर प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, अग्रिम कारवाई हेतु खनिज विभाग को सूचना की कारवाई के दौरान सहायक उप निरीक्षक श्रवण सिंह मीणा, इंद्राज मीणा सोमेश कुमार हरी सिंह मीणा आदि जाब्ता मौजूद रहा

## कपड़े में लिपटी बच्ची रोती मिली श्मशान घाट पर, अस्पताल में भर्ती

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर:**



शहर के चांदपोल श्मशान घाट के बाहर गुरुवार को एक छोटे से कपड़े में लिपटी नवजात बच्ची मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर कविता शर्मा सूचना मिलने पर मौके पर पंहुची। बच्ची श्मशान घाट की विश्राम स्थली के पीछे रोती मिली।

टीआई कविता शर्मा ने बताया कि बच्ची का जन्म लगभग 10 दिन पहले हुआ प्रतीत होता है। उसकी नाल पर हॉस्पिटल क्लिप लगी हुई थी, जिससे साफ पता चलता है कि बच्ची का जन्म किसी अस्पताल में हुआ था। बच्ची रो रही और भुखी लग रही थी। पुलिस ने तुरंत बच्ची को संभाला और उसे जेके लोन हॉस्पिटल में डॉक्टर्स की निगरानी में भर्ती कराया गया।

पुलिस अब इस मामले की तहकीकात में जुट गई है। वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्ची को किसने और क्यों श्मशान घाट पर फेंका। टीआई कविता शर्मा ने कहा कि बच्ची को छोड़ने वाले की पहचान जल्दी ही की जाएगी।

स्थिति गंभीर नहीं, बच्ची स्वस्थ है अस्पताल सूत्रों ने बताया कि बच्ची फिलहाल स्वस्थ है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ।

## मुख्यमंत्री से मुलाक़ात में मांडलगढ़ विधायक खण्डेलवाल की बड़ी पहल : बिजौलिया उपखंड विलोपन पर लगा विराम, मुख्यमंत्री ने दिया स्पष्ट आश्वासन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खण्डेलवाल ने गुरुवार को जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से विशेष मुलाक़ात कर क्षेत्रवासियों की चिंताओं से अवगत कराया। उपखंड बिजौलिया को विलोपित किए जाने की फैल रही अफवाहों के बीच विधायक ने स्वयं पहल करते हुए मुख्यमंत्री को विस्तृत पत्र सौंपा और इस मुद्दे पर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की।

विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष बताया कि राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति के एक पत्र के बाद क्षेत्र में यह भ्रम तेजी से फैल गया है कि बिजौलिया उपखंड को समाप्त किया जा सकता है। इस भ्रामक सूचना ने आमजन में असंतोष बढ़ा दिया है और विरोध प्रदर्शनों का माहौल बन रहा है, जिससे सरकार की सकारात्मक छवि प्रभावित हो रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया कि वर्ष 2010 में उपखंड बिजौलिया की स्थापना से आमजन को बड़ी राहत मिली थी। पहले लोगों को 50 किमी दूर मांडलगढ़ या 100 किमी दूर भीलवाड़ा जिला मुख्यालय जाना पड़ता था, जबकि अब अधिकांश प्रशासनिक कार्य स्थानीय स्तर पर ही निपट जाते हैं। क्षेत्र खनन प्रधान, भौगोलिक रूप से दुर्गम और विकास के लिहाज़ से पिछड़ा होने के कारण उपखंड कार्यालय का यथावत रहना जनहित में अत्यंत आवश्यक है।

विधायक की इस पहल और जनभावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया कि बिजौलिया उपखंड को विलोपित करने जैसी कोई प्रक्रिया प्रदेश सरकार चला ही नहीं रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसान आंदोलन की इस ऐतिहासिक भूमि पर स्थित उपखंड कार्यालय पूरी तरह यथावत रहेगा। इसे हटाने या कहीं स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

मुख्यमंत्री के इस सीधे और ठोस आश्वासन के बाद विधायक गोपाललाल खंडेलवाल ने कहा कि यह जानकारी क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत राहतकारी है और इससे फैली भ्रांतियाँ अब समाप्त होंगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता को भरोसा दिलाया कि वे आगे भी जनहित के मुद्दों पर सतत रूप से कार्य करते रहेंगे और हर आवश्यक मंच पर उनकी आवाज़ मजबूती से उठाते रहेंगे। इस दौरान विधायक के साथ जिला परिषद सदस्य हरी लाल जाट, नंदराय पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर एवं दोलपुरा ग्राम पंचायत प्रशासक रामजस दाधीच उपस्थित रहे ।

## युवक का अपहरण कर सरिया-लाठी से मारपीट करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




कोतवाली थाना सर्कल के समेलिया फाटक क्षेत्र में युवक के अपहरण और मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी।

पुलिस ने बताया की 17 सितंबर को माधोपुर निवासी रामलाल का पुत्र लक्ष्मण जाट, जो रीको ग्रोथ सेंटर स्वरूपगंज में कार्यरत है, शाम 6 बजे काम से घर लौट रहा था। इसी दौरान धनराज जाट ने उसे फोन कर समेलिया फाटक पर मिलने के लिए बुलाया। जैसे ही लक्ष्मण वहां पहुंचा, धनराज जाट अपने तीन साथियों के साथ बिना नंबर की सफेद कार में आया और उसे जबरन कार में डालकर ले गया।

आरोपियों ने रास्ते में सरिया, गुप्ती, लाठी और बेल्ट से उसकी बेरहमी से पिटाई की। मारपीट इतनी गंभीर थी कि लक्ष्मण के दोनों हाथ-पैर टूट गए और सिर पर भी गहरी चोटें आईं। युवक को मृत समझकर आरोपी उसे समेलिया स्कूल के पास फेंककर फरार हो गए।

रात करीब 9 बजे पुलिस को घायल युवक के पड़े होने की सूचना मिली। तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया गया और परिजनों को सूचित किया गया। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की और तीन वांछित आरोपी धन्नालाल जाट, शंकरलाल जाट और राधेश्याम जाट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# लंबित राजस्व प्रकरण अब एडीएम शाहपुरा न्यायालय में होंगे स्थानांतरित




**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचन्द पेसवानी** राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या के बाद जिला शाहपुरा के पुनर्गठन और उसके जिला भीलवाड़ा में विलय होने के परिणामस्वरूप प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण बदलाव लागू कर दिए गए हैं। शाहपुरा में अतिरिक्त जिला कलक्टर (एडीएम) का नया पद स्वीकृत किया गया है। आदेशानुसार अब एडीएम प्रकाशचंद रेगर शाहपुरा पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर पद पर अधिकारी के पदस्थापन के बाद अब तहसील शाहपुरा, फुलियाकलां और जहाजपुर इन तीन तहसीलों से संबंधित सभी लंबित और नई राजस्व पत्रावलियाँ न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर शाहपुरा में दर्ज व निस्तारित की जाएंगी। हालांकि, आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आर्बिट्रेटर, भरण पोषण, खाद्य सुरक्षा कानून एवं 6-ए के अंतर्गत आने वाली पत्रावलियाँ इस स्थानांतरण के दायरे से बाहर रहेंगी।

जिला कलक्टर भीलवाड़ा जसमीत सिंह संधू द्वारा जारी इस आदेश के बाद अब शाहपुरा क्षेत्र के राजस्व मामलों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर अधिक सुव्यवस्थित तरीके से होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सलावटिया - सिगोंली से चातुर्मास पूर्ण कर आर्यिका संघ का चादंजी की खेड़ी में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया।**

**विकास जैन**

पूज्य आर्यिका प्रशममती माता जी एवं आर्यिका उपशममती माता जी सहित ससंघ ने सिगोंली से पेदल विहार करते हुए गुरुवार को चादंजी की खेड़ी में भव्य मंगल प्रवेश किया। शोभायात्रा के साथ हुए इस प्रवेश में सकल दिगंबर जैन समाज बड़ी संख्या में उपस्थित रहा और आर्यिका संघ का गर्मजोशी से स्वागत किया।





जैन संतशाला में आयोजित मंगल प्रवचन में पूज्य प्रशममती माता जी ने कहा कि 'अहिंसा, संयम और तप को ही धर्म कहा गया है। आज धर्म को केवल भक्ति तक सीमित कर दिया गया है, जबकि वास्तविक धर्म संयम और तप से ही पूर्ण होता है। उन्होंने जीवन में धर्म के दोनों स्वरूप भक्ति और संयम को संतुलित रूप से अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलन निर्मल कुमार राहुल कुमार काला परिवार द्वारा किया गया।

आर्यिका माताजी को शास्त्र भेंट सुजानमल-जीतेन्द्र कुमार गोरव, दक्ष पाटनी परिवार द्वारा समर्पित किए गए।

तपोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी एवं सलावटिया समाज द्वारा आर्यिका संघ को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डाबी, झांतला, बोराव, थडोद, लाम्बाखो, कोटा, सलावटिया, आरोली, छोटी बिजौलिया, सिगोंली और बिजौलिया सहित अनेक स्थानों से बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाए शामिल हुईं।

# 1200 बीघा अवैध कटाई: डीएफओ निलंबित, पर्यावरणविद् ने एसीएफ पर भी की कार्रवाई की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचंद पेसवानी।** जिले के शाहपुरा तहसील स्थित बोरडा बावरियान वन क्षेत्र में 800 बीघा तथा आसींद के नारायणपुरा क्षेत्र में 400 बीघा में हुई बड़े पैमाने पर अवैध पेड़ों की कटाई के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने इस पूरे प्रकरण में डीएफओ और एसीएफ सहित वन विभाग के कई अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जाजू ने राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन आनंद कुमार, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय सचिव तन्मय कुमार, प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रपति कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर डीएफओ गौरव गर्ग, एसीएफ पायल माथुर और रेंजर प्रभुलाल धुन पर आरोप लगाया कि उन्होंने अवैध कटाई को दबाने और आरोपियों को संरक्षण देने का कार्य किया है। जाजू ने डीएफओ गौरव गर्ग के निलंबन का स्वागत किया है।

## अवैध कटाई की सूचना के बाद भी कार्रवाई नहीं

जाजू के अनुसार, 5 नवंबर को फोरेस्टर विश्राम मीणा और सहायक वनपाल शंकर माली ने 800 बीघा क्षेत्र में अवैध कटाई की सूचना उच्च अधिकारियों को दी थी, लेकिन इसके बावजूद डीएफओ गौरव गर्ग दो दिनों तक मौके पर नहीं पहुंचे और न ही कटाई रोकने की कोई कोशिश की। जाजू ने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में पेड़ों की कटाई के बावजूद डीएफओ का मौके पर न पहुंचना उनकी मिलीभगत का संकेत है।

## जांच अधिकारी ने भी पाई भूमिका संदिग्ध

जाजू ने बताया कि जांच अधिकारी राजीव चतुर्वेदी के साथ हुई बातचीत में यह सामने आया कि उनकी प्रारंभिक रिपोर्ट में भी डीएफओ और एसीएफ की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। रिपोर्ट में दर्ज है कि कटाई में उपयोग हुए वाहनों के नंबर मौके पर मिले, लेकिन किसी वाहन को जब्त नहीं किया गया। मुख्य आरोपी पीर मोहम्मद पर एफआईआर होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। जाजू का आरोप है कि मामले को दबाने के लिए जांच अधिकारी चतुर्वेदी को हटाकर महेशचंद्र गुप्ता को लगाया गया, जिन पर स्वयं अनियमितताओं की जांच लंबित है।

## कड़ी कार्रवाई और क्षतिपूर्ति की मांग

जाजू ने अपने पत्रों में मुख्य वन संरक्षक ख्याति माथुर, डीएफओ गौरव गर्ग, एसीएफ पायल माथुर, एसीएफ भीलवाड़ा मुन्नी चौधरी, रेंजर प्रभुलाल धुन सहित उच्च अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने 1200 बीघा में कटे पेड़ों के बदले नए पौधे लगाने और उनके रखरखाव का पूरा खर्च डीएफओ गौरव गर्ग व एसीएफ पायल माथुर से वसूलने की मांग उठाई है।

इसके साथ ही उन्होंने निलंबित फोरेस्टर विश्राम मीणा और सहायक वनपाल शंकर माली को तत्काल बहाल करने की मांग की है, यह कहते हुए कि दोनों ने कटाई रोकने का प्रयास किया था। जाजू ने पूरे मामले की एसीबी से जांच करवाने की भी मांग की है।

जाजू ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी अधिकारियों पर शीघ्र कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे इस मामले को लेकर एनजीटी में याचिका दायर करेंगे ताकि वन क्षेत्र में दोबारा पौधारोपण कराया जा सके।

# कुशायता की सड़क बदहाल, ग्रामीणों ने तत्काल सुधार की मांग की



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश )**। सावर-पंडेर रोड पर स्थित ग्राम पंचायत मुख्यालय कुशायता की मुख्य सड़क पिछले कई वर्षों से बदहाली की मार झेल रही है। सड़क में गड्ढे और बदबूदार पानी से लोगों को भारी परेशानी हो रही है और कई राहगीर गिरकर घायल हो चुके हैं।

ग्रामीणों ने अजमेर जिला कलेक्टर और विधायक शत्रुघन गौत्तम से सड़क को तुरंत दुरुस्त कराने की मांग की है। सावर से भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर और अहमदाबाद तक जाने वाला यह मार्ग कुशायता में लगभग आधा किलोमीटर तक क्षतिग्रस्त है, जिससे वाहनों को चलने में आधा घंटा तक लग जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या कांग्रेस सरकार के समय से जारी है, लेकिन आज तक कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# श्रीमद् भागवत कथा में नन्दोत्सव से धर्म नगरी मांडलगढ़ हुआ गोकुलमय

## युवा संत दिग्विजयराम के मधुर वर्णन पर झूमे हजारों श्रद्धालु







**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

मेवाड़ की धर्म नगरी मांडलगढ़ में कास्ट परिवार द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के चौथे दिन कथा मंडप भक्ति और उत्सव के रंगों से सराबोर हो उठा। व्यासपीठ से संत श्री रमता रामजी के शिष्य युवा संत दिग्विजयराम ने जब नन्द घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की का उद्घोष किया, तो पूरा स्थल गोकुल जैसा पावन वातावरण बन गया।

कथावाचन के दौरान वासुदेव द्वारा टोकरे में बालकृष्ण को लेकर मथुरा से गोकुल जाते हुए दृश्य की झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी के प्रवेश के साथ ऐसा प्रतीत हुआ मानो यमुना मैया स्वयं भगवान कृष्ण के चरणों का स्पर्श कर धन्य हो रही हों। हजारों श्रद्धालुओं ने जय कन्हैया लाल की के उद्घोष के साथ झांकी का स्वागत किया।

संत दिग्विजयराम ने बताया कि देवकी वासुदेव के विवाह उपरांत कंस को हुई भविष्यवाणी- 'देवकी की आठवीं संतान तेरा काल होगी '-के बाद उन्हें कारागृह में बंद कर दिया गया। छह संतानों के वध के बाद सातवीं संतान बलराम गर्भस्थानांतरण से रोहिणी के यहां जन्मे, जबकि आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि में अवतरित हुए। संत ने इक्ष्वाकु वंश, राजा सगर के पुत्रों का उद्धार, राजा दशरथ की पुत्रेष्टि यज्ञ, एवं चैत्र शुक्ल नवमी को भगवान श्रीराम के जन्म के प्रसंग का प्रेरणादायी वर्णन किया। राम-लक्ष्मण की झांकी ने वातावरण को पूर्णतः राममय बना दिया।

कथावाचन के दौरान समुन्द्र मंथन, भगवान शिव द्वारा हलाहल विष पान, धनवंतरि के प्रकट होने, राहु के अमृतपान और सूर्य-चन्द्र ग्रहण की परंपरा तक का सजीव व्याख्यान किया गया।


इसके पश्चात वामन भगवान के अवतरण, राजा बलि के तीन पग भूमि दान और सूतल लोक में नारायण के चौकीदार रूप में सेवा देने के प्रसंग से श्रद्धालु भाव-विह्वल हो उठे। वामन-बलि की झांकी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संत दिग्विजयराम ने भक्त शिरोमणि मीरा की अखंड भक्ति और गिरधर के प्रति समर्पण को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि सच्ची भक्ति मन की स्थिरता और पूर्ण समर्पण से ही सिद्ध होती है। गजेन्द्र-मोक्ष प्रसंग में उन्होंने बताया कि भक्त की पुकार पर स्वयं नारायण प्रकट होकर उसे मुक्ति प्रदान करते हैं। कथा के आरंभ में कास्ट परिवार ने व्यासपीठ पूजन किया। कथा विराम पर हजारों श्रद्धालुओं ने ठाकुर श्री बांके बिहारी एवं व्यासपीठ की महाआरती में भाग लिया। आयोजन में कास्ट परिवार, मित्रगण तथा पटना (बिहार) से आए धर्मेंद्र यादव के सहयोग से व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। कथा के बाद प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा के लोकप्रिय भजन मेरी गाड़ी, मेरा बंगला-सब तेरा सांवरिया सेठ पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया।

# बड़लियास थाना पुलिस व डीएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई ,अवैध बजरी परिवहन कर रहे 07 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अवैध खनन व बजरी परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़लियास थाना और डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। कार्रवाई एएसपी मुख्यालय श्री पारस जैन के निर्देशन तथा वृताधिकारी मंडलगढ़ श्री बाबुलाल विष्नोई के सुपरविजन में की गई।



थानाधिकारी महेन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना सर्किल में रेण, आकोला व गेगा का खेड़ा क्षेत्र में बनास नदी पर अवैध खनन की निगरानी की। इस दौरान बजरी से भरे 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर मौके पर ही खनिज अभियंता को सूचित किया गया तथा प्रकरण दर्ज किया गया।

# चोरी की वारदात का किया खुलासा, मास्टर चाबी से बाइक उड़ाने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने कम समय में ही आरोपी को पकड़कर केस का खुलासा कर दिया।



पुलिस ने बताया कि 16 नवंबर को सफातुल्ला पुत्र करीमुल्ला कुरैशी निवासी मोहम्मदी कॉलोनी, भीलवाड़ा ने मामला दर्ज कराया कि 13 नवंबर की रात करीब 8.30 बजे उसकी बाइक किराये के मकान के सामने लॉक लगाकर खड़ा किया था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी व मानवीय संसाधनों की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी का नाम शोयल खान उर्फ शोहेल है, जो अपने पास मास्टर चाबी रखकर लॉक खोलकर वाहन चुराता था। पुलिस के अनुसार आरोपी कई वारदातों में शामिल हो सकता है, जिसकी जाँच जारी है।



QUICK BITES

## शक्करगढ़-बाकरा सड़क पर पेचवर्क में लापरवाही, गिट्टी बनी परेशानी

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।



कस्बे से बाकरा मार्ग पर पेचवर्क कार्य में देरी से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। सार्वजनिक निर्माण विभाग ने लगभग 7 दिन पहले सड़क किनारे पेचवर्क के लिए गिट्टी डलवाई थी, लेकिन इसके बाद से काम शुरू ही नहीं हुआ।

सड़क के दोनों ओर पड़ी ढीली गिट्टी से राहगीर, छात्र और वाहन चालक फिसलन व दुर्घटना के खतरे से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क कई महीनों से खराब है और विभाग ने गिट्टी डालकर जिम्मेदारी पूरी मान ली, जबकि मरम्मत अब भी शुरू नहीं हुई है।

लोगों ने विभाग से तुरंत पेचवर्क शुरू करने और सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि आवागमन सुरक्षित और सुचारू हो सके।

## स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र रामपुरा बस्ती में स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट महेंद्र सिंह राणावत ने महिलाओं को परियोजना से जुड़े कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। राणावत ने बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाला मलजल अब विशेष टैंकों में भरकर जहाजपुर रोड पर बन रहे एफएसटीपी तक पहुंचाया जाएगा, जहां इसका वैज्ञानिक तरीके से ट्रीटमेंट किया जाएगा। इससे क्षेत्र में फैलने वाली गंदगी से निजात मिलेगी और वातावरण अधिक स्वच्छ रहेगा।

उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक पाँच वर्ष में सेप्टिक टैंक अवश्य खाली करवाएं तथा आसपास जमा गंदे या ठहरे हुए पानी को साफ करें, क्योंकि यही पानी मच्छरों के प्रजनन का कारण बनता है और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ाता है। कार्यक्रम में महिलाओं को सरकारी योजनाओं, ई-श्रम कार्ड, कचरा निस्तारण की प्रक्रिया और घर-गांव की सफाई को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई। यह भी अपील की गई कि कचरा केवल नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डालें और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाएं। सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र की साहिका भगवती गुर्जर, आशा सहयोगिनी लीला शर्मा, एएनएम हीरा बानो, कायमहानी सहित कुल 12 महिलाओं ने भाग लिया।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# बाण माता शक्तिपीठ विकास संस्थान की बैठक सम्पन्न, दान पात्र से 5 लाख 67 हजार 575 रुपये का सहयोग प्राप्त

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

(रमेश चन्द डाड)। बाण माता शक्तिपीठ विकास संस्थान की बैठक अमावस्या के अवसर पर गोवटा बांध स्थित शक्तिपीठ परिसर में संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के



प्रस्तावित नव-निर्माण कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यों को गति देने के लिए श्रद्धालुओं से प्राप्त सहयोग राशि का दान पात्र खोला गया।

दान पात्र खोलने पर कुल 5,67,575 की राशि प्राप्त हुई, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं ने मंदिर विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# ठेलेश्वर बांध को मिली बड़ी मंजूरी,सर्वे व डिज़ाइन के लिए 50.52 लाख स्वीकृत

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

गजानंद जोशी। जहाजपुर क्षेत्र के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत से दो दिन पूर्व हुई विशेष मुलाक़ात के बाद विधायक गोपीचंद मीणा की मांग पर सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठेलेश्वर बांध निर्माण से जुड़ी प्रारंभिक प्रक्रियाओं के लिए 50 लाख 52 हजार रुपये की स्वीकृति जारी कर दी है। इस आदेश से परियोजना अब औपचारिक रूप से क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ गई है।

सरकार द्वारा स्वीकृत राशि का उपयोग सर्वेक्षण, मिट्टी-जांच, डिज़ाइन और ड्राइंग तैयार करने के



लिए किया जाएगा। वर्षों से लंबित यह मांग अब हकीकत की ओर बढ़ने लगी है, जिससे क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। ठेलेश्वर बांध को जहाजपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विकास की मजबूत आधारशिला माना जा रहा है। विधायक गोपीचंद मीणा ने बताया कि बांध बनने के बाद हजारों किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही ग्रामीण इलाकों में पेयजल व्यवस्था मजबूत होगी, जल भंडारण क्षमता बढ़ेगी, और कृषि व पशुपालन जैसे क्षेत्रों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सिर्फ जल संरचना का कार्य नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को बदलने वाला बड़ा कदम है।

विधायक मीणा ने कहा की ठेलेश्वर बांध सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि जहाजपुर के किसानों, युवाओं और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास की नई धारा है। यह निर्णय क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देने वाला है।


उन्होंने बताया कि क्षेत्र की हर समस्या को सरकार तक गंभीरता से रखा जा रहा है और यह स्वीकृति उसी निरंतर प्रयास का परिणाम है। विधायक ने जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल से ग्रामीणों में उम्मीद और खुशी का नया संचार हुआ है।

# रीको औद्योगिक क्षेत्र की होटल में आग, चार लोग सुरक्षित, ढाई लाख का नुकसान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक होटल में बुधवार देर रात अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार अज्ञात लोगों द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की आशंका जताई जा रही है। घटना के समय होटल में मौजूद चार लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

प्रतापनगर थाना क्षेत्र के चित्रगुप्त सर्कल के पास किशन बलाई की यह होटल है। जहाँ देर रात करीब 3 बजे होटल में अचानक लपटें उठने लगीं। आग लगते ही होटल में मौजूद मालिक कृष्ण, उसके दो कर्मचारी और एक मित्र ने भागकर बाहर निकलकर खुद को सुरक्षित किया।



आग तेजी से फैलने के कारण काउंटर, टेबल, कुर्सियां और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना में करीब ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

सूचना पर पटेल नगर से दमकल ने पंहुच आग पर काबू पाया। इसके बाद प्रतापनगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। आग कैसे और किसने लगाई, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

# तीन वर्ष से बंद है जलापूर्ति, ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

मानव तिवारी। ग्राम पंचायत आरोली के बिलोनाबड़ी ग्राम में पिछले तीन वर्षो से चंबल परियोजना की जलापूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी, को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव में तीन वर्ष पूर्व जल सप्लाई लाइनों का निर्माण कर पाइप लाइन बिछा दी गई थी। इसके बाद ग्रामीणों से प्रति कनेक्शन 2000 रुपये जमा कराए तथा कुल गांव से 1,18,000 रुपये की राशि विभाग को जमा की जा चुकी है। इसके बावजूद आज तक इन लाइनों के माध्यम से पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक साल में पाइप लाइनें पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी हैं और सप्लायर्स



बिजोलिया : ज्ञापन देते ग्रामीण

किसी की बात नहीं सुन रहे। कई बार चंबल परियोजना के अधिकारियों को भी समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने समाधान करने में असमर्थता जताई।

स्थिति गंभीर होने पर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी से मांग की है कि चंबल परियोजना के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर ग्राम बिलोनाबड़ी में जल्द से जल्द जलापूर्ति पुनः शुरू करवाई जाए, ताकि ग्रामीणों को पानी की किल्लत से राहत मिल सके।

# सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने किया माण्डलगढ़ उपजिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**अनाधिकृत रूप से संचालित लैब को बंद करने के दिये निर्देश, साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जताई आवश्यकता**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर द्वारा गुरुवार को उपजिला चिकित्सालय माण्डलगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, प्रसूता कक्ष, लैब, टीकाकरण कक्ष सहित सभी चिकित्सक कक्षों का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक सुधार हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की आवश्यकता जताई। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल यादव ने बताया कि उप जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने अस्पताल परिसर में स्थित ब्लॉक हेल्थ यूनिट का भी निरीक्षण किया और इसके





सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिला चिकित्सालय के सामने संचालित एक अनाधिकृत लैब भी पाई गई। जिसे निर्धारित मानकों का पालन नहीं पाए जाने पर सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने लैब को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत लैब में बायो-वेस्ट निस्तारण हेतु पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का ऑथराइजेशन प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं था। बायो-मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल के लिए किसी संस्था से एमओयू करार नहीं किया गया था। लैब संचालन हेतु आवश्यक रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। उपस्थित कर्मचारी अपने तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करवा सके। लैब में कोई चिकित्सक उपलब्ध नहीं था, न ही चिकित्सकीय दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। जांच में निर्धारित मानकों का पालन नहीं पाए जाने आदि कमियों पर लैब को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, स्थाई लोक अदालतों की उपयोगिता पर दी गई जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे तीन माह के विशेष अभियान के तहत महेश पब्लिक स्कूल में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा अभय जैन ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अपने संबोधन में अभय जैन ने स्थाई लोक अदालतों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जन-उपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों जैसे जलापूर्ति, बिजली, परिवहन, स्वास्थ्य, आवास,




शिक्षा, शहरी स्वच्छता, सड़क मरम्मत, आवारा पशु नियंत्रण तथा कचरा प्रबंधन के त्वरित और सरल समाधान के लिए स्थाई लोक अदालतें एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि आमजन केवल एक साधारण आवेदन पत्र भरकर अपनी समस्या दर्ज करवा सकते हैं, जिसके बाद स्थाई लोक अदालत न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करती है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी जागरूक बनें और अपने आसपास के लोगों को भी विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी दें।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री विशाल भार्गव एडीजे एवं मुख्य न्यायाधीश ने स्थाई लोक अदालत की कार्यप्रणाली, उसकी उपयोगिता तथा बच्चों की सुरक्षा हेतु बाल वाहिनी नियमों की जानकारी विस्तार से प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि स्कूल वाहनों की समय-समय पर जांच की जाएगी, ताकि बच्चों की यात्रा सुरक्षित सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में महेश सेवा समिति के सचिव एडवोकेट राजेंद्र कचोलिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष एडवोकेट राजेश शर्मा ने जन-उपयोगी सेवाओं में आमजन की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अशोक जैन ने किया। इस अवसर पर मजिस्ट्रेट नागेंद्र, स्कूल प्रभारी केदार जागेटिया, प्रिंसिपल अरविंदर कौर सहित विद्यालय स्टाफ, गणमान्य नागरिक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# छाछिया-बांदोला में अवैध वृक्ष कटाई, नायब तहसीलदार ने की बड़ी कार्रवाई, जेसीबी जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

किशनगढ़ पंचायत के बांदोला गांव के समीप बिलानाम भूमि पर पेड़ों की अवैध कटाई पर राजस्व विभाग ओर पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही की । नायब तहसीलदार बद्रीलाल मीणा ने बताया कि गुरुवार को चल रही अवैध वृक्ष कटाई और कोयला निर्माण की तैयारी का राजस्व विभाग ने पर्दाफाश किया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नायब



तहसीलदार बद्रीलाल मीणा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां जेसीबी मशीन से विलायती बबूल के पेड़ों की कटाई की जा रही थी।

मौके पर मौजूद जेसीबी मशीन को तुरंत जब्त कर पुलिस जाप्ते के सुपुर्द किया गया। वहीं कटाई के लिए तैयार की जा रही विलायती बबूल की लकड़ी को ग्राम पंचायत को सुपुर्द किया गया।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

# सकारात्मकता अपनाने से ही व्यक्ति का जीवन उत्तम सम्भव : महासाध्वी कुमुदलता

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना।**

अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता जी मसा ने स्थानीय शीतल भवन में आयोजित धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की तनावभरी जीवनशैली में सकारात्मक सोच हर मनुष्य के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के अनुसार वर्तमान में दुखम युग चल रहा है, लेकिन यदि मनुष्य सुखी है तो वह उसके पूर्व और वर्तमान पुण्यों का फल है।



महासाध्वी ने कहा कि मन, वचन और कर्म से सात्त्विकता अपनाकर जीवन को सरल, शांत और संतुलित बनाया जा सकता है। परिवार, व्यापार और जीवन की खुशहाली के लिए व्यक्ति को धर्म के निकट रहकर प्रतिदिन कुछ समय अनुष्ठान व आराधना में अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा जिसने धर्म को अपनाया, वह कभी ठोकरें नहीं खाएगा।

गुरुवार को आयोजित धर्मसभा में अनुष्ठान को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आया और स्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर महासती कुमुदलता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

धर्मसभा में कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार डाबरिया, थाना प्रभारी महावीर मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाडोदिया, भाजपा 'मन की बात' मंडल संयोजक जितेंद्र सेठी, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, मंत्री प्रकाश पोखरना, धर्मचंद जीनगर, वीरेंद्र लोढ़ा, प्रताप लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। महासाध्वी का शुक्रवार सुबह 7 बजे कोटड़ी से बीरधोल के लिए विहार निर्धारित किया गया है।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए सूचना केंद्र चौराहे पर नुक्कड़ नाटक, युवाओं ने दिया जागरूकता संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सूचना केंद्र चौराहे पर छात्रों ने ईएलसी और स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।



नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों ने मतदाता सूची से नाम कटने जैसी अफवाहों, एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया और बीएलओ को सही जानकारी देने के महत्व को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण, पात्र मतदाताओं का पंजीकरण व त्रुटियों का सुधार है। संदेश दिया गया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सही और अपडेटेड मतदाता सूची बेहद जरूरी है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एडीएम शहर प्रतिभा देवठिया ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान डॉ. शोभा गौतम, शुभम ओझा, डॉ. सुमित्रा टैलर, सांवरलाल दरोगा, गरिमा व्यास, कन्हैयालाल नकवाल, राजेश खटीक सहित अन्य अधिकारी एवं लोग मौजूद रहे ।

# सांवरिया सेठ मंदिर में भरा अमावस्य मेला, 'मीरा' के भजनों से गूंजा नौगांवा

## विश्व शांति के लिए अनुष्ठान, गो परिक्रमा का महत्व समझा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।**

श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट की ओर से नौगांवा स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में अमावस्या के पावन अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया और विश्व शांति की कामना को लेकर मुख्य यजमान भेरूलाल मनीष चोरडिया की मौजूदगी में पंडित रमाकांत ने विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया। इस मौके पर मंदिर में ध्वजा भी चढ़ाई गई।





मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में कृष्ण भक्त मीरा बाई के भजनों की प्रस्तुति दी गई। पायो जी मैंने राम रतन धन पायो। वस्तु अमोलिक दी मेरे सतगुरु, किरपा कर अपनायो। मेरो तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई। जाके सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई। पर भक्तजन झूम उठे। इस दौरान गो परिक्रमा का महत्व भी बताया गया। गो परिक्रमा को हिंदू धर्म में अत्यंत पुण्यदायक माना गया है। यह केवल एक धार्मिक कृत्य नहीं, बल्कि गाय के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक तरीका है। गौमाता में तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं का वास माना जाता है। उनकी परिक्रमा करने से समस्त देवी-देवताओं और तीर्थों की यात्रा का फल प्राप्त होता है। परिक्रमा, व्यक्ति के जन्म-जन्मांतर के पापों का शमन करती है, क्योंकि गाय अपने गोबर, गोमूत्र और दूध से संपूर्ण मानव समाज का कल्याण करती है। परिक्रमा करने से व्यक्ति को मानसिक शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह पर्यावरण और प्राणी मात्र के प्रति करुणा का भाव भी जगाती है। इसलिए शास्त्रों में गौ परिक्रमा को मोक्ष का मार्ग बताया गया है। मंदिर में आयोजित अनुष्ठानों और भजनों का भक्तों ने श्रद्धापूर्वक श्रवण किया और प्रसाद ग्रहण किया।

## QUICK BITES

### आचार्य प्रवर सुदर्शनलाल मसा ने बच्चों को दिया दान संस्कार जगाने का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



काशीपुरी स्थित शीतल स्वाध्याय भवन में आयोजित प्रवचन में आचार्य प्रवर सुदर्शनलाल मसा ने बच्चों में बचपन से ही दान, करुणा और संयम के संस्कार विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे बच्चों पर मनोरंजन और जरूरतों पर खर्च किया जाता है, वैसे ही उन्हें चैरिटी के लिए भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि उनके अंदर मानवता और समाजसेवा की भावना पनप सके।

उन्होंने दान को आत्मा की शुद्धि का माध्यम बताते हुए प्रत्येक परिवार से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से बच्चों के माध्यम से छोटे-छोटे दान करवाएँ। प्रवचन के अंत में श्रावक-श्राविकाओं ने गुरु वचनों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। साध्वी ज्ञानकंवर मसा आदि ठाणा ने भी अपने भाव व्यक्त किए। हेमंत कोठारी ने आचार्य श्री को सुभाषनगर जैन स्थानक पधारने का आमंत्रण दिया। प्रवचन से पूर्व सुबह 7:15 बजे प्रार्थना सभा पानगड़िया निवास पर हुई। शुक्रवार को भी प्रवचन सुबह 9 बजे से होंगे।

इस दौरान नवरतनमल, सुरेश बंब, राजेंद्र चिपड़, वीरेंद्र मेहता, अशोक कोठारी, रघुवीर सिंह भंडारी, हुकमीचंद खटोड़, एडवोकेट दीपक रांका, हस्तीमल, राहुल पानगड़िया, छगनलाल जैन, धर्मेंद्र खटोड़, मनीष बंब सहित कई लोग मौजूद रहे ।

### सांसद अग्रवाल की अहम पहलः जलिन्द्री नसीराबाद व मांडलगढ़ भीलवाड़ा नई रेल लाइन का प्रस्ताव रखा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल की बैठक में गुरुवार को भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर जोर देते हुए जलिन्द्री से नसीराबाद एवं मांडलगढ़ से भीलवाड़ा जिला मुख्यालय तक नई रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा। बैठक का आयोजन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन और ऊपरमाल स्टेशन की आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द सुविधाएँ उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अग्रवाल ने दोनों स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों के ठहराव की मांग भी रखी, जिसे संबंधित अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र से संबंधित अन्य समस्याओं को भी बैठक में विस्तृत रूप से रखा। बैठक में चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता, झालावाड़ बारां सांसद प्रतिनिधि धीरज गुप्ता, डीआरयूसीसी सदस्य संजय धाकड़, आगरा सांसद प्रतिनिधि संजय गोविल, राजगढ़ सांसद प्रतिनिधि आदित्य शर्मा तथा उज्जैन सांसद प्रतिनिधि महेंद्र गादिया सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सवाईपुर में द्वितीय छःमाही सामाजिक अंकेक्षण ग्रामसभा का हुआ आयोजन, प्रभारी अनुपस्थित

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** महानरेगा वर्ष 2024-25 के द्वितीय सामाजिक अंकेक्षण की ग्रामसभा प्रशासक किशनलाल जाट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। ग्राम विकास अधिकारी रामप्रताप सिंह जाट ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण टीम द्वारा अगस्त माह में हुए विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया था, जिसका प्रतिवेदन ब्लॉक संसाधन व्यक्ति मैना बैरवा ने ग्रामसभा में पढ़कर सुनाया।

ग्रामसभा में ग्रामीणों ने कई कार्यों के भौतिक सत्यापन न होने व अधूरे कार्यों पर नाराजगी जताई। पानी भरे होने के कारण टीम देवबक्ष पिता देबीलाल बलाई, देबीलाल पिता नाना चमार सहित कई स्थलों पर नहीं पहुंच पाई। तालाब की मिट्टी, मेडबंदी, पशु आश्रम स्थल, पत्थर दीवार, सीसी सड़क व नाली निर्माण (शंकर गवारिया के मकान से गाड़ोलिया बस्ती तक) तथा आरपीसी रिकवरी सेंटर के कार्यों को लेकर प्रश्न उठे। गाडोलिया बस्ती में नाली निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला।

ग्रामसभा में गणपत सिंह, दिनेश बलाई, महावीर वैष्णव, देवराज (जिलाध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी), मुकेश पारीक (कनिष्ठ लिपिक), सोहनलाल रेगर (वार्ड पंच), मोड़ सिंह दरोगा (वार्ड पंच), देबीलाल जाट, महावीर माली, प्रमोद श्रोत्रिय सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।